दैनिक
# नवश्रेय टाईम्स

PRGI No._RJHIN/25/A0587

सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com

वर्ष : 01 | अंक : 65 | जयपुर, सोमवार, 06 अक्टूबर 2025 | प्रभात संस्करण | मूल्य: 2 रु. | कुल पृष्ठ : 4

महाराजा अजमीढ़ जयंती महोत्सव- देश की कला, संस्कृति और अर्थव्यवस्था की मज़बूती में स्वर्णकार समाज का अहम योगदान

# राज्य सरकार उद्योग और व्यापार को दे रही बढ़ावा, प्रदेशवासियों को मिला सुरक्षित वातावरण : मुख्यमंत्री

- महाराजा अजमीढ़ जयंती महोत्सव में बोले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा
- महाराजा अजमीढ़ उच्च कोटि के शासक और कलाकार थे
- स्वर्णकार समाज कर रहा है देश की कला और अर्थव्यवस्था को सशक्त: मुख्यमंत्री
- महाराजा अजमीढ़ की परंपरा को आगे बढ़ा रहा है स्वर्णकार समाज
- आभूषणों की कला भारतीय संस्कृति की पहचान: शर्मा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महाराजा अजमीढ़ चंद्रवंशी परंपरा के महान शासक होने के साथ ही उच्च कोटि के कलाकार भी थे। उन्होंने आभूषण और कलाकृतियां बनाने की कला को अपनी प्रजा और वंशजों के लिए एक गौरवशाली व्यवसाय में बदलने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि स्वर्णकार समाज महाराजा अजमीढ़ की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए देश की कला, संस्कृति और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम योगदान दे रहा है। शर्मा रविवार को जयपुर के अग्रवाल कॉलेज में मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सभा द्वारा आयोजित महाराजा अजमीढ़ जयंती महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सोने को तराशकर उसमें प्राण फूंकने की जो कला स्वर्णकार समाज के पास है, वह दुनिया के अन्य किसी समाज में देखने को नहीं मिलती। उनके द्वारा बनाए जाने वाले आभूषण भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। शर्मा ने कहा कि जयपुर विशेष रूप से रत्न एवं आभूषणों के एक वैश्विक केंद्र के रूप में विख्यात है। यहां के कारीगरों द्वारा तैयार किए गए रत्न और सुंदर आभूषण अंतरराष्ट्रीय बाजार में जयपुर को विशेष पहचान दिलाते हैं। इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलने के साथ ही, लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है।

**हमने प्रदेश में निवेशकों के लिए बनाया अनुकूल माहौल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हस्तशिल्प के हुनर को सम्मान देने के साथ ही, प्रदेश में उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अनेक स्तर पर प्रयास कर रही है। प्रदेश के आर्थिक विकास को सर्वोपरि रखते हुए पिछले 22 महीनों में हमने आर्थिक सुधार लाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए कई उल्लेखनीय कदम उठाए हैं।

**व्यापारियों की सुरक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता**

शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में राजस्थान अपराध के मामले में देश के शीर्ष राज्यों में शामिल था। हमने सरकार बनते ही, इसे गंभीरता से लिया और प्रदेशवासियों को सुरक्षित वातारण उपलब्ध करवाने के लिए कई ठोस कदम उठाए।

परिणामस्वरूप राज्य में पिछले लगभग पौने दो वर्षों के दौरान अपराध दर में तेजी से गिरावट आई है। अपराधियों के खिलाफ सख्त कानून तैयार करने, मजबूत कानून-व्यवस्था, पारदर्शी नीति और तत्पर कार्रवाई से आमजन में सुरक्षा की भावना प्रबल हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। हमने पुलिस प्रशासन को मजबूत करते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। आज राजस्थान में व्यापारी निश्चिंत होकर अपना व्यवसाय कर सकते हैं। इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर हैरिटेज नगर निगम महापौर कुसुम यादव, मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार सभा के अध्यक्ष विजेन्द्र जोड़ा सहित बड़ी संख्या में स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधिगण एवं आमजन उपस्थित रहे।

# बिहार में 22 नवंबर से पहले संपन्न होंगे चुनाव, बीएलओ को ट्रेनिंग से मोबाइल तक दिखेंगे कई बदलाव : सीईसी ज्ञानेश कुमार

- 22 नवंबर से पहले संपन्न होंगे बिहार विधानसभा चुनाव: मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार
- 243 सीटों पर मतदान की तैयारी, नई चुनावी व्यवस्थाओं की शुरुआत बिहार से
- विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को होगा समाप्त
- चुनाव आयोग ने तय किया कि उससे पहले ही चुनाव प्रक्रिया पूरी की जाएगी।
- बिहार की 243 विधानसभा सीटों में 2 एसटी और 38 एससी के लिए आरक्षित।
- सभी राजनीतिक दलों और प्रशासनिक अधिकारियों से की गई व्यापक बैठक

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर





मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को जानकारी दी कि बिहार में 22 नवंबर से पहले विधानसभा चुनाव संपन्न होंगे। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने बताया कि 22 नवंबर तक बिहार विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है। उसके पहले ही राज्य में चुनाव संपन्न होंगे। पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सीईसी ज्ञानेश कुमार ने बताया कि बिहार में 243 विधानसभा क्षेत्र हैं। इसमें दो सीटें एसटी और 38 सीटें एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि पूरी चुनाव आयोग की टीम दो दिनों से बिहार में है। सबसे पहले चुनाव आयोग ने बिहार की सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। इसके अलावा, बिहार के सभी जिलाधिकारी, एसपी-एसएसपी, आईजी और डीआईजी, कमिश्नर और सभी प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों, नोडल अफसरों, मुख्य निर्वाचन अधिकारी बिहार, स्टेट पुलिस नोडल अधिकारियों और सीएपीएफ के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बिहार के मुख्य सचिव, डीजीपी और अन्य सचिवों के साथ भी बैठक की गई। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बिहार से शुरू होने वाली कुछ पहलों में सबसे पहले ट्रेनिंग शामिल है। बूथ लेवल एजेंट की पहली बार चुनाव आयोग ने ट्रेनिंग कराई। बिहार के सभी बूथ लेवल एजेंट की ट्रेनिंग दिल्ली में कराई गई। बूथ लेवल अफसरों की आईआईआईडीईएम में ट्रेनिंग कराई गई। देशभर के लगभग 700 बूथ लेवल अफसर और सुपरवाइजर की ट्रेनिंग पूरी की जा चुकी है। उन्होंने कहा, साधारण तौर से पुलिस अफसरों की ट्रेनिंग जिला या राज्य में ही होती थी। इस बार मानक के तौर पर इनकी दिल्ली में भी ट्रेनिंग शुरू की गई। मतदाता सूची में सबसे बड़ी पहल विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की रही। यह काम 24 जून से शुरू हुआ और समयबद्ध तरीके से सभी मतदाताओं के सहयोग के साथ समाप्त हुआ। मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि मतदाताओं को 15 दिन के अंदर वोटर आईडी दिए जाने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा बूथ लेवल अफसर को, जब वे मतदाता के पास जाएं तो मतदाता उन्हें पहचान पाएं, इसलिए बूथ लेवल अधिकारी के लिए फोटो आईडी कार्ड शुरू किए गए।

लगभग 12 वर्षों बाद भारतीय रक्षा मंत्री की पहली ऑस्ट्रेलिया यात्रा होगी, साल 2013 में गए थे एके एंटनी

# राजनाथ सिंह 7-10 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया यात्रा पर रहेंगे, रणनीतिक साझेदारी पर होगा फोकस

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अगले सप्ताह 7 से 10 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया की यात्रा करेंगे। यह लगभग 12 वर्ष बाद भारतीय रक्षा मंत्री की पहली ऑस्ट्रेलिया यात्रा होगी। इससे पहले साल 2013 में तत्कालीन रक्षा मंत्री एके एंटनी ने ऑस्ट्रेलिया की यात्रा की थी। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद सबसे पहले भारत आने वाले विदेशी मेहमानों में ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री और उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस थे, जो 04 जून को भारत दौरे पर आए थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 7-10 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर जाएंगे, जिसका उद्देश्य भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा संबंधों को मजबूत करना और रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा देना है। दोनों देशों ने 2020 में व्यापक रणनीतिक साझेदारी की थी और 2021 में एक म्यूचुअल लॉजिस्टिक सपोर्ट एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद से दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग में विविधता आई है। मई में ऑपरेशन सिंदूर के बाद रिचर्ड मार्लेस भारत आने वाले पहले क्वाड रक्षा मंत्री थे। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री के भारत दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच डिफेंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और समुद्री क्षमताओं जैसी टेक्नोलॉजी में डिफेंस सेक्टर के सहयोग में विविधता लाने पर सहमति जताई गई थी। रक्षा मंत्री मार्लेस की यात्रा के दौरान भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चीन के साथ संबंधों को लेकर पाकिस्तानी सेना के साथ किसी भी तरह के संपर्क को लेकर आगाह किया था।बाद में ऑस्ट्रेलियाई मीडिया से बात करते हुए मार्लेस ने कहा था कि ऑस्ट्रेलिया के पाकिस्तान के साथ मामूली रक्षा संबंध हैं। इस यात्रा के दौरान दोनों पक्ष सह-उत्पादन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तथा समुद्री क्षमताओं जैसी तकनीकों में रक्षा उद्योग सहयोग में विविधता लाने पर सहमत हुए थे। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने अपनी भारत यात्रा के पहले दिन की शुरुआत चाय पीने की भारतीय परंपरा को अपनाते हुए मालचा मार्ग पर जाकर एक दुकान में एक कप चाय पीकर की थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बैठक में रिचर्ड मार्लेस ने कहा था कि हम आपकी सरकार और प्रधानमंत्री मोदी तथा उनके नेतृत्व के प्रति बहुत आभारी हैं, जिसने हमारे दोनों देशों के बीच संबंधों को एक बिल्कुल अलग स्तर पर पहुंचा दिया है। हमें लगता है कि भारत के साथ हमारा रणनीतिक तालमेल पहले कभी इतना नहीं रहा, जितना कि अब है। यह दोस्तों के साथ मिलकर काम करने का समय है और हम निश्चित रूप से भारत को उसी नजरिए से देखते हैं। आपके साथ हमारे संबंध सर्वोच्च प्राथमिकता वाले हैं।

### नमो सेमीकंडक्टर लैब युवाओं को उद्योग-अनुकूल कौशल से लैस करके 'मेक इन इंडिया' और 'डिजाइन इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देगी

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में आईआईटी भुवनेश्वर में 'नमो सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला' की स्थापना को मंजूरी दी है। इस परियोजना को एमपीएलएडी योजना के तहत धनराशि प्रदान की जाएगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 4.95 करोड़ रुपये है। नमो सेमीकंडक्टर लैब युवाओं को उद्योग-अनुकूल कौशल प्रदान करके भारत के विशाल प्रतिभा पूल में योगदान देगी। यह लैब आईआईटी भुवनेश्वर को सेमीकंडक्टर अनुसंधान और कौशल विकास के केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। यह लैब पूरे भारत में स्थापित होने वाली चिप निर्माण और पैकेजिंग इकाइयों के लिए ।प्रतिभाओं को विकसित करने में सहायता करेगी। यह नई प्रयोगशाला 'मेक इन इंडिया' और 'डिजाइन इन इंडिया' पहलों को और बढ़ावा देगी।

# उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन कल राजनीतिक नेताओं के साथ पहली औपचारिक बैठक करेंगे

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन 7 अक्टूबर को विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ अपनी पहली औपचारिक बातचीत की मेजबानी करने वाले हैं। यह राज्यसभा के सभापति के रूप में उनके शुरुआती कार्यकाल में एक महत्वपूर्ण क्षण होगा। सूत्रों ने पुष्टि की है कि यह बैठक संसद परिसर के एनेक्सी एक्सटेंशन भवन में शाम 4 बजे होगी। यह बैठक राधाकृष्णन के पदभार ग्रहण करने के एक महीने से भी कम समय बाद हो रही है, जिन्होंने 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति चुनाव जीता था। यह पहल, खासकर संसद के शीतकालीन सत्र के निकट आने के साथ, दलीय सीमाओं से परे संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने के उनके इरादे का संकेत देती है।

मुख्य आमंत्रितों में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सदन के नेता जे. पी. नड्डा, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू शामिल हैं। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और एल. मुरुगन के भी शामिल होने की उम्मीद है, जो इस चर्चा में सरकार के पूर्ण प्रतिनिधित्व का संकेत है।

सूत्रों का कहना है कि बैठक संसदीय मर्यादा को मजबूत करने, विधायी उत्पादकता बढ़ाने और प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों पर आम सहमति बनाने पर केंद्रित होगी। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन, जो अपनी मिलनसार शैली और प्रशासनिक अनुभव के लिए जाने जाते हैं, उच्च सदन में रचनात्मक बहस और आपसी सम्मान के महत्व पर जोर दे सकते हैं। इस बातचीत को उनके अध्यक्ष पद की दिशा तय करने के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है।






## संपादक की कलम से....

### कफ सीरप बना मौत का कारणः मुफ्त इलाज नहीं, सुरक्षित इलाज चाहिए



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

राजस्थान में हाल ही में बच्चों की रहस्यमयी मौतों ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। मौतों की कड़ी जब एक आम लेकिन अक्सर प्रयोग होने वाली दवा – कफ सीरप – से जुड़ने लगी, तो यह न केवल एक स्वास्थ्य आपदा बन गई, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और चिकित्सा तंत्र की जवाबदेही पर भी बड़ा प्रश्नचिह्न बन गई।

एक सभ्य समाज की पहली पहचान होती है – अपने बच्चों की सुरक्षा। जब बच्चे, जिन्हें हमने जीवन का भविष्य माना है, किसी सस्ती दवा की भेंट चढ़ते हैं, तो वह सिर्फ एक स्वास्थ्य संकट नहीं, नैतिक पतन का भी संकेत है। सरकारी अस्पतालों से दिए गए मुफ्त कफ सिरप पीने के बाद कई जिलों – जैसे सीकर, चूरू, भरतपुर और अलवर – में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की तबीयत बिगड़ने और मौत की खबरें आईं। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब गरीब और ग्रामीण परिवार, जो सरकारी योजनाओं और अस्पतालों पर भरोसा करते हैं, इस तरह की त्रासदी का सामना करते हैं।

यह पहली बार नहीं है जब भारत में नकली या घटिया गुणवत्ता की दवाओं से मौतें हुई हैं। मगर जब सरकारी आपूर्ति की दवाओं में यह खतरा दिखाई दे, तो यह लापरवाही नहीं, बल्कि आपराधिक उदासीनता बन जाती है। दवाओं के बैच की ठीक से जांच क्यों नहीं हुई सप्लायर को किस आधार पर अनुमति दी गई और इतनी घटनाओं के बाद भी क्या कोई ठोस कार्रवाई हुई राज्य सरकार द्वारा 22 बैच प्रतिबंधित करना और आपूर्ति रोकना एक तात्कालिक कदम हो सकता है, लेकिन इससे पहले हुई जानहानियों का जिम्मेदार कौन दोषी कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, संबंधित अधिकारियों को निलंबित किया जाए और पीड़ित परिवारों को सिर्फ मुआवजा नहीं, न्याय भी मिले। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग की दवा आपूर्ति प्रक्रिया की समीक्षा होनी चाहिए।

क्या हमारी सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं फ्री मेडिसिन के नाम पर ऐसी दवाएं बांट रही हैं जिनमें गुणवत्ता की कोई गारंटी नहीं राजस्थान की यह घटना हमें आगाह करती है कि जन-स्वास्थ्य सिर्फ नीति और योजना का मामला नहीं है, बल्कि मानवीय जीवन और संवेदनशीलता से जुड़ा मुद्दा है।

अब समय है कि हम दवाओं के नाम पर बांटे जा रहे ज़हर के खिलाफ सख्त रुख अपनाएं। वरना अगली त्रासदी किसी और के नहीं, हमारे ही घर की हो सकती है।

### हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खाचरियावास के नेतृत्व में निकाला जुलूस

# नकली दवा के कारण हो रही मौत के विरोध में किया जबरदस्त विरोध–प्रदर्शन

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर




नकली दवा के कारण हो रही मौत के विरोध में र्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को अपने निवास स्थान से स्वास्थ्य भवन सचिवालय तक पैदल मार्च निकाला और जबरदस्त विरोध–प्रदर्शन किया। पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने रविवार को स्वास्थ्य भवन सचिवालय के सामने सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार की नकली दवा बेच रही है जिसको पीने से चार बच्चों की मौत हो गई। राज्य सरकार को भ्रष्टाचार की नकली दवा के कारण हो रही मौत की जांच के लिए न्यायिक आयोग बिठाना चाहिए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री बार-बार बयान बदल रहे हैं। पहले कहा था कंपनी जिम्मेदार है अधिकारी जिम्मेदार है। अब कह रहे हैं कोई भी जिम्मेदार नहीं है। इन पौने दो वर्षों में भाजपा सरकार में नकली दवा पीने से कितने लोगों की मौत हुई है। वह न्यायिक जांच से ही सामने आ सकता है। नकली दवा से हुई मौत को छुपाने का भाजपा सरकार का कोई भी काम सफल नहीं होने दिया जाएगा । नकली दवा से हुई मौत से पूरे राजस्थान में आक्रोश व्याप्त है । नकली दवा के नाम पर जहर नहीं बांटा जा सकता। पिछले डेढ़ वर्ष से हम कह रहे हैं दवा खरीद में घोटाला हो रहा है।

फिर भी भ्रष्टाचार की पट्टी भाजपा सरकार की आंखों पर बंदी रही । खाचरियावास ने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार के खिलाफ पूरे राजस्थान में कांग्रेस सड़कों पर संघर्ष करेगी। जयपुर में अगला कदम मुख्यमंत्री निवास के घेराव का होगा। इस मामले में जब तक सरकार अपनी गलती स्वीकार करके दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करेगी और जिन लोगों की मौत हुई। उनको मुआवजा नहीं देगी तब तक कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। खाचरियावास ने कहा कि बड़ी-बड़ी बातें करने वाली भाजपा सरकार नकली दवा के नाम पर जहर बेच रही है। अब पर्दा नहीं डाला जा सकता सड़कों पर आर पार का संघर्ष होगा। लेकिन भाजपा सरकार के घुटने टेककर नकली दवा का पूरा भ्रष्टाचार सामने लेकर आएंगे । रविवार सुबह पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास अपने हाउस से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और विधायक रफीक खान ,अमीन कागजी,गंगा देवी ,पुष्पेंद्र भारद्वाज जयपुर के पार्षद कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष वार्ड अध्यक्ष और बड़ी तादाद में हजारों की तादाद में उपस्थित लोगों के साथ पैदल शासन सचिवालय के सामने स्थित स्वास्थ्य भवन पहुंचे और नकली दवा के कारण हो रही मौत के विरोध में जबरदस्त प्रदर्शन किया प्रदर्शन के कारण प्रशासन में हड़कंप मच गया। क्योंकि यह प्रदर्शन रविवार सुबह ही अचानक किया गया और इस दौरान हजारों लोगों के इकट्ठा हो जाने से जयपुर का प्रशासन हक्का-बक्का रह गया। लेकिन नकली दवा के विरोध में लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त था।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जयपुर डेयरी के मिठाई संयंत्र का उद्घाटन आज

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड (जयपुर डेयरी) की ओर से उपभोक्ताओं को शुद्ध, स्वच्छ और उच्च गुणवत्ता की मिठाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित नवीन दुग्ध उत्पाद एवं मिठाई प्लांट का उदघाटन समारोह सोमवार दोपहर डेढ़ बजे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में होगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, विशिष्ठ अतिथि पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, डेयरी राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम होंगे। जबकि अध्यक्षता जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओमप्रकाश पूनिया करेंगे। जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक संघ की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में पशुपालन, गोपालन, मत्स्य पालन विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा व आरसीडीएफ की सीएमडी श्रुति भारद्वाज, जयपुर डेयरी के एमडी मनीष फौजदार भी मौजूद रहेंगे।

### खेत से उद्योग तक औषधीय पौधों और आयुर्वेद व्यापार में क्रांति वाला राष्ट्रीय कार्यक्रम 25 अक्टूबर से



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

भारत में आयुर्वेदिक और हर्बल क्षेत्र के तीव्र विकास को देखते हुए इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर स्किल डेवलपमेंट की ओर से 25-26 अक्टूबर 2025 को जयपुर के पंच सितारा होटल में 'खेत से उद्योग तक औषधीय पौधों और आयुर्वेद व्यापार में क्रांति लाने वाला राष्ट्रीय कार्यक्रम' आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में किसानों, उद्यमियों और व्यापारियों को औषधीय पौधों की व्यावसायिक खेती,गाय आधारित जैविक खेती, आयुर्वेदिक/हर्बल उत्पाद निर्माण, ब्रांड विस्तार और अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुँच के बारे में गहन जानकारी दी जाएगी। इस दो दिवसीय कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को सरकारी योजनाओं के अंतर्गत 10 लाख से 2 करोड़ तक की सब्सिडी तथा भारत सरकार की सीसीटीएम योजना के तहत 5 करोड़ तक का लोन (बिना कोलेट्रल सिक्योरिटी) प्राप्त करने की प्रक्रिया भी बताई जाएगी। इस प्रशिक्षण में 25+ वर्षों के अनुभव वाले विशेषज्ञ शामिल होंगे। फील्ड विज़िट और फैक्ट्री विजिट कराई जाएगी तथा प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

### श्री खोले के हनुमान मंदिर में शरद पूर्णिमा पर होगी 851 किलो खीर वितरित



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

श्री खोले के हनुमान मंदिर में शरद पूर्णिमा पर 851 किलो दूध की खीर का वितरण किया जाएगा। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि मंदिर में हर वर्ष की भांति ब्रह्मलीन पंडित राधेलाल चौबे जी की प्रेरणा से शरद पूर्णिमा के दिन 851 किलो दूध की खीर का वितरण किया जाएगा। शरद पूर्णिमा के दिन रात्रि 12 बजे चांद की रोशनी में 851 किलो औषधी युक्त खीर का भोग लगाया जाएगा और इस अवसर पर अस्थमा रोगियों के लिए खीर प्रसादी की अलग से व्यवस्था की गई है। श्री खोले के हनुमान मंदिर में हनुमान जी महाराज सायंकाल फूल बंगले की झांकी सजाई जाएगी। सायंकाल 6 से 10 बजे तक सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा। रात्री 11:30 बजे हनुमान जी महाराज की आरती के बाद 851 किलो खीर का भोग लगाकर प्रसादी वितरित की जाएगी ।

## राजस्थान को एमडी ड्रग्स सप्लाई करने वाले शातिर तस्कर गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



आतंकवाद निरोधक दस्ता राजस्थान जयपुर (एटीएस) टीम और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की संयुक्त टीमों ने ऑपरेशन 'मदमुरुगन' अभियान के तहत पूरे राजस्थान को एमडी ड्रग्स सप्लाई करने वाले शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। टीम ने तस्कर कमलेश बिश्नोई उर्फ कार्तिक निवासी धोरीमन्ना जिला बाड़मेर को जैसलमेर और बाड़मेर में तीन दिन तक कैंप कर के पकड़ा है। फिलहाल एटीएस और एएनटीएफ की टीम पूछताछ करने में जुटी है। एटीएस पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास कुमार ने बताया कि एमडी का तस्कर कमलेश उर्फ कार्तिक की गिरफ्तारी पाक सीमा पर स्थित जैसलमेर जिले के सांकड़ थाना क्षेत्र से की है। तस्कर कमलेश की गिरफ्तारी पर पच्चीस हजार रुपए का इनाम रखा हुआ था। इसके खिलाफ करीब आधा दर्जन आपराधिक मुकदमे तीन अलग अलग राज्यों में चल रहे हैं। आरोपित तस्कर कमलेश ने पहले अवैध हथियारों का काम शुरू किया था। इसी दौरान एमडी की लत लग गई और फायदा देखकर ड्रग्स तस्करी का काम करने लगा। देखते देखते सीमावर्ती इलाके में एमडी के धंधे का सरगना बन गया। आरोपित कमलेश का सगा भाई सुरेश भी इस काम में साझेदार रहा है। काम को और बढ़ाने और पूरे राजस्थान में चलाने के लिए कार्तिक ने अपने पुराने सहयोगियों और जेल के साथियों को लेकर गैंग बना डाली थी। आरोपित तीन राज्यों में अपराध की जड़ें जमा कर जेल जा चुका है। एमडी तस्कर कमलेश अपने आपराधिक करियर के प्रारंभिक दौर में अवैध हथियारों का काम करता था। मध्यप्रदेश के खरगोन इलाके से अवैध हथियार लेकर राजस्थान में बेचा करता था। इसी सिलसिले में वह मध्यप्रदेश में हथियारों के साथ पकड़ा गया था। महाराष्ट्र के पुणे इलाके में मादक पदार्थों की एक बड़ी खेप के साथ पूर्व में कमलेश पकड़ा जा चुका है। पुणे की ही जेल में उसका संपर्क एमडी का काम करने वालों से हुआ था। साझेदारी में एमडी का बड़ा काम कॉर्पोरेट स्टाइल में पूरे राजस्थान में चलाने की योजना आरोपी ने जेल में बनाई थी। एटीएस और एएनटीएफ की टीम पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

### जयपुर सेंट्रल जेल में फिर मिले मोबाइल और सिम

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

लाल कोठी थाना इलाके में सेंट्रल जेल में जेल प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे आकस्मिक तलाशी अभियान के दौरान फिर मोबाइल और सिम मिला है। इसे लेकर जेल प्रशासन ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी प्रकाश राम ने बताया कि महिला प्रहरी लाली मीणा ने थाने में मामला दर्ज करवाया है कि सेंट्रल जेल में जेल प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे आकस्मिक तलाशी अभियान के दौरान केंद्रीय कारागार के वार्ड नंबर 9 में मोबाइल और सिम लावारिस हालत में मिले। उन्हें जब्त कर जेल प्रशासन को सूचित किया गया। इसके बाद जेल प्रशासन की ओर से मामला दर्ज करवाया गय है। थानाधिकारी ने बताया कि यह मोबाइल और सिम जेल में कैसे पहुंची और कौन इसका उपयोग कर रहा था। इसकी जांच पड़ताल की जा रही है। गौरतलब है कि सितंबर 2025 में जेल में मोबाइल मिलने की 16-17 घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

### नवरात्रि डांडिया नाइट सीजन 2 का हुआ भव्य आयोजन



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

मानसरोवर स्थित न्यू सांगानेर रोड, राजावत फॉर्म के समीप होटल रुद्र विलास में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप के तत्वाधान में यूनिराज एल्युमिनी फेडरेशन, भारतीय जैन संगठन, पक्की भायली फाउंडेशन व लायनेस ब्लू डायमंड क्लब के संयुक्त तत्वावधान में नवरात्रि डांडिया नाइट सीजन-2 का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ महागौरी की पूजन एवं दीप प्रवलन के साथ हुआ। आयोजन के मुख्य संयोजक एवं दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप विराट के अध्यक्ष बसंत जैन बैराठी ने बताया कि यह डांडिया नाइट सभी प्रतिभागियों के लिए रंगारंग और अविस्मरणीय अनुभव रहा। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने डांडिया और गरबा की लय पर खूब उत्साह के साथ भाग लिया। निर्णायक मंडल ने बारीकी से मूल्यांकन कर नवरात्रि डांडिया नाइट सीजन-2 का बेस्ट कपल पुरस्कार नीरज-रेखा जैन को प्रदान किया। इसके अलावा अधिकतर प्रतिभागियों एवं अतिथियों को आयोजकों द्वारा ढेरों आकर्षक हस्तशिल्प पुरस्कार भी प्रदान किए गए।**'ये गणमान्य लोग हुए कार्यक्रम में उपस्थित'** इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. के. एल. जैन (अध्यक्ष- राजस्थान चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री) रहे। विशिष्ट अतिथियों में एन. के. जैन, सुभाष गोयल, सुनील बज (अध्यक्ष- दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन जयपुर राजस्थान रीजन), राजेश-सीमा बड़जात्या (निवर्तमान अध्यक्ष- फेडरेशन), प्रमोद-सोनल जैन (कोषाध्यक्ष- फेडरेशन), सुनील कोठारी आदि गणमान्य व्यक्तियों की विशेष उपस्थिति रही।

### 32 सांस्कृतिक व शैक्षिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 500 से अधिक पुरस्कारों देकर किया सम्मानित




■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

जगतपुरा स्थित गुप्त वृंदावन धाम में रविवार को विभिन्न आध्यात्मिक सांस्कृतिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जीवन में आध्यात्मिक मार्ग पर प्रगति करने के लिए मंदिर परिसर में सुबह श्रील प्रभुपाद आश्रय समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने विश्व गुरु श्रील प्रभुपाद का आश्रय लेकर उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा ली। पूरे देश से भक्तो का आश्रय प्रक्रिया में परीक्षा और इंटरव्यू के माध्यम से चयन किया गया।जिसमें भक्तों ने विश्व गुरु श्रील प्रभुपाद का आश्रय लेकर उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा ली। पूरे देश से भक्तो का आश्रय प्रक्रिया में परीक्षा और इंटरव्यू के माध्यम से चयन किया गया। जीवन की एक नई आध्यात्मिक शुरुआत होने से सभी भक्त भक्ति मार्ग में आगे बढ़ने के लिए बहुत ही उत्सुक नजर आए। 17वें हेरिटेज फेस्ट-2025 के भव्य पुरस्कार वितरण समारोह शाम को गुप्त वृंदावन धाम शोभायमान हुआ। जिसमे चित्रकला, निबंध लेखन, रंगोली, हस्तलेखन, ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग, रंग भराई और श्री राधा-कृष्ण श्रृंगार जैसे 32 सांस्कृतिक व शैक्षिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 500 से अधिक पुरस्कारों देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में पूरे जयपुर के प्रतिष्ठित विद्यालयों से 3500 छात्रों ने भाग लिया। गुप्त वृन्दावन धाम के उपाध्यक्ष अनंत शेष दास दोनों ही समारोहों में उपस्थित रहे। उन्होंने भक्तों को अध्यात्मिक जीवन में दृढ़ता से आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया और हेरिटेज फेस्ट विजेताओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।

### पूर्णिमा पर घर-घर गूंजेगा गायत्री मंत्र ऑनलाइन यज्ञ में शामिल होंगे देशभर के श्रद्धालु



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

गायत्री परिवार की ओर से कार्तिक स्नान शुरू होने पर पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित ऑनलाइन हवन (यज्ञ) में देश-विदेश से हजारों साधक जुड़ेंगे। यह आयोजन मंगलवार, 7 अक्टूबर को प्रातःसाढ़े 7 बजे से प्रारंभ होगा। श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे सुबह सवा 7 बजे तक तैयार होकर लॉगिन करें, ताकि यज्ञ की व्यवस्था और विधि को समझ सकें।।द्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे सुबह सवा 7 बजे तक तैयार होकर लॉगिन करें, ताकि यज्ञ की व्यवस्था और विधि को समझ सकें। यह यज्ञ जूम एप और यूट्यूब लाइव के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा। यज्ञ का उद्देश्य घर-घर में संस्कार, शुद्धता और आध्यात्मिकता का वातावरण बनाना है। कार्यक्रम में सभी को अपने घर में सरल तैयारी के साथ सहभागिता करने का आग्रह किया गया है। हवन सामग्री की सूची पूर्व में ही दी गई है ताकि श्रद्धालु समय से तैयारी कर सकें –गायत्री माता, गुरुदेव, माता की तस्वीर, रोली, मोली, सुपारी, चावल, नारियल, गोला, घी, फूल, मिठाई, केला, कपूर, हवन सामग्री, समिधा, पीला कपड़ा, अगरबत्ती, जनेऊ, दीपक आदि। यदि हवन कुंड न हो, तो परात या ईंटों की सहायता से वेदी बनाकर भी यज्ञ किया जा सकता है। आयोजन के दौरान सभी प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे शांत मन से मंत्रोच्चार करते हुए सामूहिक प्रार्थना करें। गायत्री परिवार राजस्थान के समन्वयक ओम प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि यह ऑनलाइन यज्ञ राष्ट्र, समाज और परिवार की समृद्धि तथा वैश्विक शांति के लिए समर्पित होगा।

### सदगुरु स्वामी सर्वानंद महाराज का पंच दिवसीय जन्मोत्सव भक्ति भाव से मनाया

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर




आस्था के पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान जयपुर में प्रेम प्रकाश मंडलाचार्य आचार्य सतगुरु स्वामी टेऊराम जी महाराज के परम शिष्य (द्वितीय पादशाही) महर्षि सद्गुरु स्वामी सर्वानंद महाराज का 129 वां पंच दिवसीय जन्मोत्सव भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ । प्रातः काल की पावन वेला में नित्य नियम प्रार्थना के पश्चात संत महात्माओं के सानिध्य में प्रवचन भजन सत्संग संकीर्तन का आयोजन हुआ । जिसके पश्चात पंच दिवसीय जन्मोत्सव के उपलक्ष में रखे गए ग्रंथ गीता के पाठों का भोग परायण हुआ। संत महात्माओं ने देव के विग्रह के समक्ष 129 दीप प्रज्वलन कर महाप्रसादी का भोग लगा मंगल बधाई गीत गाए ।इस आनंदोत्सव के उपलक्ष में विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया। जिस में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु का प्रसाद ग्रहण किया । जन्मोत्सव के समापन के अवसर पर सेवा कार्य के तहत रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 51 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। समाधि स्थल एवं श्री मंदिर को सुंदर ऋतु पुष्पों से श्रृंगारित कर परिसर में आकर्षण रंगोली बनाई गई। जन्मोत्सव के शुभ मंगल दिवस पे श्री अमरापुर स्थान पर दीपावली पर्व की तरह सुंदर लाइट की सजावट भी की गई। संतो ने बताया कि पंच दिवसीय जन्मोत्सव पर सेवा भक्ति के गौशाला में गौ सेवा, बांगड़ अस्पताल में फल, बटुक ब्राह्मण भोज, विशाल कन्या भोज, संकीर्तन का आयोजन हुआ। भजन मंडली ने भजन संकीर्तन आदि अनेक सेवा कार्य एवं धार्मिक अनुष्ठान किए। इसी तरह पंच दिवसीय सदगुरु स्वामी सर्वानंद महाराज जन्मोत्सव भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ।

## गोविन्द देव जी मंदिर में अनूठा जन्मदिन संस्कार महोत्सव न मोमबत्ती बुझाई, न केक काटा, पंच तत्वों का पूजन कर मनाया जन्मदिन संस्कार

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर




भारतीय संस्कृति के अनुरूप जन्मदिन को संस्कार के रूप में मनाने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आराध्य देव गोविंद देव जी मंदिर में रविवार को अक्टूबर माह में जन्म लेने वाले श्रद्धालुओं ने अपने जन्मदिन का उत्सव पारंपरिक भारतीय विधि से मनाया। समारोह की शुरुआत ठाकुर श्री राधा गोविंद देव जी, देव माता मां गायत्री, गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं भगवती देवी शर्मा के पंचोपचार पूजन से हुई। इस अवसर पर न तो मोमबत्ती बुझाई गई और न ही केक काटा गया, बल्कि पंच तत्व–पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश–का पूजन कर जन्मदिन महोत्सव संपन्न हुआ।

उपस्थित लोगों ने जन्मदिन संस्कार मनाने वालों पर पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी महाराज के सान्निध्य में, अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित जन्मदिन संस्कार में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं ने पंच तत्वों के प्रतीक रूप में पांच प्रकार की दालें चढ़ाई और अक्षत-पुष्प अर्पित किए। मंदिर सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य लोगों को पाश्चात्य परंपरा से हटकर भारतीय संस्कृति के अनुसार जन्मदिन मनाने की प्रेरणा देना है।

श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने निर्णय लिया कि प्रत्येक रविवार को भारतीय परंपरा के अनुसार जन्मदिन संस्कार महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर आयोजित पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में गायत्री परिवार के विद्वान मंडल ने गायत्री और महामृत्युंजय मंत्रों के साथ आहुतियां अर्पित करवाईं। जन्मदिन मनाने वालों के उज्जवल भविष्य हेतु विशिष्ट आहुतियां दी गई। गायत्री कचोलिया ने प्रज्ञा गीतों के माध्यम से उपस्थित जनों को मानवीय जीवन के गौरव का बोध कराते हुए देव दुर्लभ शरीर से अधिकाधिक लोकसेवा करने का संदेश दिया।

ाचार्य पीठ से डॉ. अजय भारद्वाज ने पंच तत्वों के सदुपयोग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी से प्राप्त अन्न का संयमित उपयोग करें, जल को स्वच्छ रखें, अग्नि का विवेकपूर्ण प्रयोग करें, वायु का शुद्ध सेवन करें और आकाश (विचार-शब्द) को सकारात्मक बनाए रखें। कार्यक्रम में सम्मिलित श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया कि भविष्य में अपने या परिवार के किसी भी जन्मदिन पर मोमबत्ती नहीं बुझायेंगे, केक नहीं काटेंगे और गुब्बारे नहीं फोड़ेंगे। इसके स्थान पर पौधा लगाना, रक्तदान, नेत्रदान और अंगदान करेंगे। जन्मदिन मनाने वाले सभी व्यक्तियों को गोविंद देव जी मंदिर की ओर से दुपट्टा पहनाकर ठाकुर जी का चित्र और प्रसाद भेंट कर अभिनंदन किया गया।

### सड़क पर युवती से मारपीट करने वाला युवक गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



चाकसू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए में सड़क पर युवती से मारपीट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि मारपीट का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को पकडा है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया था। इसमें एक बाइक सवार युवक राह चलती युवतियों से अभद्रता कर रहा था। युवतियों के विरोध करने पर उसने एक के साथ मारपीट की थी। यह वीडियो चाकसू थाना क्षेत्र का होने पर संबंधित मनचले युवक पर त्वरित कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। टीम ने तत्काल मनचले युवक की पहचान की। आरोपी युवक की पहचान चाकसू थाना इलाके के रूपवास गांव के रहने वाले विकास चौधरी (26) के रूप में हुई। इसको तुरन्त गिरफ्तार किया। पीड़ित युवतियों की तलाश की गई लेकिन उन युवतियों के बारे में कोई पता नहीं चला। गिरफ्तार युवक से पूछताछ में सामने आया कि वह 1 अक्टूबर को दिन चाकसू में पुराना टोंक रोड होकर बाइक से जा रहा था। उसे सड़क पर तीन युवतियां जाती नजर आई। इनके साथ उसने आपत्तिजनक टिप्पणी की। फिर भाग गया था। लेकिन फिर अपनी बाइक लेकर लड़कियों के पास आकर छेड़छाड़ करने लगा। उन युवतियों ने उसे पकड़ लिया। चप्पल से मारपीट करने लग गई। इस दौरान लोगों ने वीडियो बना लिए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### चलती स्कॉर्पियो में लगी आगस्कॉर्पियो सवार तीनों युवकों ने कूदकर बचाई जान

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

दौलतपुरा थाना इलाके में शनिवार–रविवार की मध्यरात्रि को चलती स्कॉर्पियो में आग लगने से दहशत फैल गई। स्कॉर्पियो सवार तीनों युवकों ने बाहर की ओर कूदकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। थानाधिकारी सुनील गोदारा ने बताया कि दौलतपुरा में बिलोची पुलिया पर स्कॉर्पियो गाड़ी में आग लगी थी। स्कॉर्पियो में ऑनर सहित सवार तीन युवक जयपुर से दिल्ली की ओर जा रहे थे। इस दौरान बिलोची पुलिया पर चलती स्कॉर्पियो से धुआं उठने लगा। कुछ ही देर में स्कॉर्पियो से आग की लपटे उठने लगी। स्कॉर्पियो चला रहे व्यक्ति ने आग की लपटों को उठता देखकर तुरंत गाड़ी को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। उसमें सवार तीनों युवकों ने बाहर की ओर छलांग लगाकर अपनी जान बचाई। गाड़ी मालिक ही कार चला रहा था। देखते ही देखते आग की भीषण लपटों ने पूरी स्कॉर्पियो को अपनी चपेट में ले लिया। गाड़ी में आग लगने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस के अनुसार स्कॉर्पियो में आग शॉर्ट सर्किट से लगी है।

### घरेलू गैस सिलेण्डरों से वाहनों में गैस रिफिलिंग करने वाला गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जयपुर जिला स्पेशल टीम पूर्व (डीएसटी),रामनगरिया थाना पुलिस और रसद विभाग ने घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रूप से वाहनों में गैस रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और साथ ही 70 अवैध गैस सिलेंडर, एक मोटर, एक कांटा और रिफलिंग पिन सहित अन्य रिफिलिंग का सामान भी बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी कर रिहायशी इलाकों में अवैध रूप से वाहनों में गैस रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ डीएसटी पूर्व ,रामनगरिया थाना पुलिस और रसद विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपित पिन्टू मीणा निवासी अलवर हाल रामनगरिया को गिरफ्तार किया है और साथ ही 70 अवैध गैस सिलेंडर, एक मोटर, एक कांटा और रिफलिंग पिन सहित अन्य रिफिलिंग का सामान भी जब्त किया गया है।

### पूर्व राज्यसभा सांसद अश्क अली टांक का निधन

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता,पूर्व मंत्री और पूर्व राज्यसभा सांसद अश्क अली टांक का रविवार को निधन हो गया। जो लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्हें सोमवार सुबह विद्याधर नगर स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। टांक के निधन के पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई नेताओं ने शोक जतााया। गहलोत ने एक्स पर टांक के साथ फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि अश्क अली के निधन का समाचार बहुत दुखद है। उन्होंने अपनी लम्बी राजनीतिक यात्रा में कई मुकाम हासिल किए। टांक एनएसयूआई व यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष एवं अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन भी रहे थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में प्रदेशभर में बहुत दौरे किए। जिससे संगठन को मजबूती मिली। इस तरह के दौरे बहुत कम लोग कर पाते हैं। पार्टी ने जब भी उन्हें जो जिम्मेदारी दी। उसका उन्होंने अच्छी तरह निर्वहन किया। उनका जाना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बावजूद अश्क अली टांक पार्टी के सभी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से उपस्थित रहते थे। वह प्रार्थना करते है कि अल्लाह जन्नत में उन्हें आला मुकाम अता करे एवं परिजनों को इस दुख को सहने की हिम्मत दें।

### युवक का मोबाइल छीन ले गए बाइक सवार बदमाश

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

मालपुरा गेट थाना इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवक से मोबाइल छीनकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार लक्की गुप्ता निवासी सांगानेर ने मामला दर्ज करवाया है कि वह जैम पैलेस कॉलोनी सांगानेर की तरफ से पैदल आ रहा था। इस दौरान पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीन कर ले गए। पीडित एकाएक हुई इस वारदात को कुछ समझ पाता,इससे पहले बाइक सवार बदमाश उसकी आंखों से ओझल हो चुके थे। इस पर पीड़ित थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

**'युवक की जेब से निकाला पर्स'** वहीं प्रतापनगर थाना इलाके में स्थित एक अस्पताल में महिला–पुरूष ने एक व्यक्ति के जेब से पर्स निकाल फरार हो गए। इस संबध में पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार प्रहलाद मीणा निवासी झाबदा जिला दौसा ने मामला दर्ज करवाया है कि वह स्टेट कैंसर हॉस्पिटल में आया था। जहां लाइन में लग कर रिपोर्ट ले रहा था। इस दौरान पीछे खड़े महिला–पुरूष ने उसके जेब से उसका पर्स निकाल फरार हो गए। वारदात के दौरान पर्स में 7 हजार 500 रुपये आधार कार्ड जन आधार कार्ड,बिजली के बिल की कॉपी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### जलमहल की पाल पर एक युवक की लाश तैरती मिली

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

ब्रह्मपुरी थाना इलाके में रविवार सुबह जलमहल की पाल के पास लाश तैरती मिली। वहां मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस फोन करके पानी में शव होने की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक की पहचान करने का पुलिस टीम प्रयास कर रही है। वहीं मृतक की शव से पुलिस को कुछ कागज मिले हैं, जिनसे भी मृतक की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

खोह नागोरियान थाना इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया। पुलिस के अनुसार शव खातीपुरा रेलवे स्टेशन के पास मिला है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जांच में पता चला है कि युवक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसके शरीर पर रगड़ के निशान मिले हैं और उसके दोनों पैर घुटनों से और बायां हाथ कोहनी से कट गए हैं।

## दोस्त को शराब पिलाकर लूटपाट करने वाला गिरफ्तार



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोस्त को शराब पिलाकर लूट करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। आरोपित ने दोस्ती कर पीड़ित को पहले शराब पिलाई उसके बाद अपने अन्य दोस्तों को बुलाकर उस के साथ मारपीट और लूट की वारदात को अंजाम दिया। जिस पर पुलिस ने वारदात में शामिल मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व आशाराम चौधरी ने बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोस्त को शराब पिलाकर लूट करने वाले सन्नी डलेत (23) निवासी टीला नम्बर 03 कच्ची बस्ती जवाहर नगर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपित को कोर्ट में पेश कर दो दिन का रिमांड लिया गया हैं। थानाधिकारी महेश चंद्र गुर्जर ने बताया कि 3 अक्टूबर को सौरभ शाक्य उर्फ छोटू(23) निवासी जोरा जिला मुरैना ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया था कि वह और राहुल कुमार दोनों ठेके से शराब ली तथा राहुल उसे मोटरसाइकिल पर बिठा कर टीला नंबर 5 के पीछे जंगलों में ले गया। जहां पर राहुल और अन्य ने पहले शराब पी उसके बाद मारपीट की तथा फोन पे से 3 हजार 124 रुपए ट्रांसफर कर लिये तथा चांदी की चैन व चांदी की अंगूठी उन्होंने ले ली।

# जयकारों के बीच विशाल जुलूस के साथ मुनि आदित्य सागर महाराज ससंघ का हुआ भव्य मंगल

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



प्रसिद्ध दिगम्बर जैन आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य श्रुत संवेगी महाश्रमण आदित्य सागर मुनिराज ससंघ का रविवार को जौहरी बाजार के मंदिर जी ठोलियान में गाजे बाजे के साथ विशाल जुलूस के रूप में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मुख्य संयोजक अशोक चांदवाड एवं संयोजक कुशल ठोलिया ने बताया कि रविवार को प्रातः सवा 8 बजे न्यू गेट से विशाल मंगल प्रवेश जुलूस रवाना हुआ जो चौडा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, जौहरी बाजार, मोती सिंह भोमियो का रास्ता होते हुए दिगम्बर जैन मंदिर ठोलियान पहुंचा। जहां मंदिर कमेटी द्वारा अशोक चांदवड, कुशल ठोलिया, प्रदीप ठोलिया, सुदीप ठोलिया,अरुण ठोलिया, निर्मल चांदकीका, अंकित चांदवड, सुनील बख्शी आदि के नेतृत्व में मुनि संघ के पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर मंगल अगवानी की गई। जुलूस व्यवस्था श्री वीर सेवक मण्डल जयपुर के कार्यकर्ताओं ने संभाली। जुलूस में राजस्थान जैन युवा महासभा,जौहरी बाजार दिगम्बर जैन महिला समिति, श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति सहित महिला मण्डलों एवं युवा मण्डलों के सदस्यों तथा कई संस्थाओं के पदाधिकारियों सहित गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मंदिर दर्शन के बाद मुनि आदित्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में धर्मसभा का आयोजन किया गया। समाजश्रेष्ठी अशोक - शकुन्तला चांदवाड परिवार ने दीप प्रज्वलन के बाद समाज श्रेष्ठी कुशल ठोलिया परिवार ने मुनि संघ के पाद पक्षालन किए। जौहरी बाजार दिगम्बर जैन महिला समिति की सदस्याओं ने जिनवाणी भेंट की।

**'धर्म की जड़ सदा हरी होती है- आदित्य सागर मुनिराज'** मुनि ने अपने मंगल प्रवचन कहा कि चारदीवारी के जैन मंदिरों के नियमित दर्शन करने चाहिए। चारदीवारी में रहने वाले जैन परिवारों को नमन जो प्राचीन जिनालयों को संभाल रहे है। जो परिवार चारदीवारी में रह रहे है, उन्हें चारदीवारी नहीं छोड़नी है। आज लगा है कि जयपुर में प्रवेश हो रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म की जड़ सदा हरी होती है। जयपुर जो पूरे विश्व में रत्न नगरी के साथ जैन नगरी के नाम से विख्यात है के प्राचीन एवं विशाल जिनालयों के संरक्षण एवं साज सम्हाल के लिए कालोनियों में बस गए युवाओं को आगे आकर जिम्मेदारी संभालनी चाहिए। जिनवाणी स्तुति से धर्म सभा का समापन हुआ।

**'आहार चर्या के साथ हुआ आगम के संबंध में अपनी शंकाओं का समाधान'** जिनवाणी स्तुति के तत्पश्चात मुनि संघ की आहार चर्या हुई। दोपहर में श्रावकों ने मुनि संघ से जिनवाणी चर्चा की। सायंकाल श्रुत समाधान के आयोजन में श्रद्धालुओं ने आगम के सम्बंध में अपनी शंकाओं का समाधान किया। श्री जी एवं मुनि संघ की महाआरती के बाद रात्रि में मुनि भक्तों ने मुनि संघ की सेवा -अर्चना की ।

# शरद पूर्णिमा पर आज अमृत बरसाएगा चांद शहर के विभिन्न मंदिरों में होगा धवल श्रृंगार, लगेगा खीर का भोग

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



आश्विन शुक्ल पूर्णिमा छह अक्टूबर को शरद पूर्णिमा के रूप में मनाई जाएगी। घरों और मंदिरों में खीर बनाकर चंद्रमा की चांदनी में रखी जाएगी। मंदिरों में ठाकुरजी का धवल श्रृंगार किया जाएगा और चांदी के पात्र में खीर का भोग लगाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि शरद पूर्णिमा को उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, वृद्धि और ध्रुव योग का संयोग रहेगा। चंद्रमा मीन राशि में शनि के साथ रहेगा जिससे उसकी किरणों का प्रभाव विशेष रूप से बढ़ जाएगा। पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर को दोपहर 12:24 बजे से प्रारंभ होकर अगले दिन सुबह 9:18 बजे तक रहेगी। चंद्रमा का उदय शाम 5:34 बजे और अस्त 7 अक्टूबर की सुबह 6:19 बजे होगा। इस वर्ष चंद्रमा 16 कलाओं से युक्त संपूर्ण गोलाकार होगा। मान्यता है कि इस दिन चंद्र किरणों से अमृत बरसता है और खुले आसमान में चांद देखने से नेत्र ज्योति बढ़ती है।

**'वेद मंत्रोच्चार के साथ ठाकुर जी का पंचामृत से होगा अभिषेक'** आराध्य गोविंद देवजी मंदिर में शरद पूर्णिमा महोत्सव बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। सुबह महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक होगा। ठाकुर श्रीजी को सफेद पोशाक धारण कराई जाएगी। विशेष अलंकार और पुष्प श्रृंगार किया जाएगा। शाम 7:15 से 7:30 बजे तक शरदोत्सव की विशेष झांकी दर्शनार्थ सजाई जाएगी। सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि ठाकुर श्रीजी को खीर व खीरसा का भोग लगाया जाएगा। विशेष खाट पर शतरंज, चौसर की बाजी, गाय दान, धूप दान, इत्र दान और पान दान से सजावट होगी।

**'श्री सरस निकुंज, सुभाष चौक'** श्री शुक संप्रदाय की प्रधान पीठ श्री सरस निकुंज में पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में शरदोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि ठाकुरजी को केसरिया खीर का भोग अर्पित किया जाएगा और श्री शुक संप्रदाय के आचार्यो द्वारा रचित पदों का गायन होगा। शदोत्सव में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होंगे।

**'युगल कुटीर चांदपोल'** श्री प्रेमभाया मंडल समिति की ओर से जयलाल मुंशी का रास्ता चांदपोल में श्री प्रेमभाया सरकार का शरद चांदनी उत्सव मनाया जाएगा। अध्यक्ष दुर्गा चौधरी ने बताया कि ठाकुरजी को धवल पोशाक पहनाई जाएगी और पुष्प श्रृंगार किया जाएगा। प्रवक्ता लोकेश शर्मा ने बताया कि खीर का भोग लगेगा। रात 8 से 11 बजे तक भक्ति संगीत रहेगा और भक्त रास रचनाएं गाकर हाजिरी लगाएंगे।अध्यक्ष दुर्गा चौधरी ने बताया कि ठाकुरजी को धवल पोशाक पहनाई जाएगी और पुष्प श्रृंगार किया जाएगा। प्रवक्ता लोकेश शर्मा ने बताया कि खीर का भोग लगेगा। रात 8 से 11 बजे तक भक्ति संगीत रहेगा और भक्त रास रचनाएं गाकर हाजिरी लगाएंगे।

**'श्री सीताराम जी मंदिर छोटी चौपड़'** समाज श्री सीताराम जी समिति द्वारा छोटी चौपड़ स्थित मंदिर में शरद महोत्सव बड़े धूमधाम से होगा। उत्सव शाम 7 बजे प्रारंभ होगा और रात 10 बजे बाद औषधि युक्त खीर का वितरण किया जाएगा। ठाकुरजी को सफेद पोशाक पहनाई जाएगी और चौपड़-पासा सजाया जाएगा।

जैसे ही चांद मंदिर के मध्य आएगा और उसकी किरणें खीर पर पड़ेगी, भगवान राम-सीता को भोग लगाया जाएगा। कार्यक्रम में रास भजन गूंजेंगे। वैद धर्मचंद खीर में दमे की औषधि मिलाकर वितरण करेंगे।

**'अन्य मंदिरों में भी होंगे कार्यक्रम'** शरद पूर्णिमा पर गोपीनाथजी मंदिर (पुरानी बस्ती), राधा दामोदर (चौड़ा रास्ता), मदन गोपाल, लाड़ली जी (रामगंज बाजार), गलता तीर्थ, अक्षय पात्र, अक्षरधाम और इस्कॉन मंदिर सहित अनेक मंदिरों में भी शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन होगा।

## सबरंग महोत्सव 10 अक्टूबर से, देशभर से जुटेंगी टीम




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी में 10 से 12 अक्टूबर तक तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव 'सबरंग 2025' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में 20 रोमांचक प्रतियोगिताओ के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी, जिनमें पन्नाश, बैंड जैम, डांस बैटल जैसी प्रतियोगिताएँ शामिल होंगी। यूनिवर्सिटी के ऑफिस ऑफ स्टूडेंट्स अफेयर्स के इंचार्ज दीपक सोगानी ने बताया कि इस वर्ष के आयोजन में पहले दिन डीजे डेविक अपनी परफॉर्मेंस के साथ महोत्सव की शुरुआत करेंगे।

इसके बाद दूसरे दिन लोकप्रिय बैंड की शानदार प्रस्तुति होगी तो तीसरे दिन प्रसिद्ध गायक नवजोत आहूजा अपनी दमदार प्रस्तुति के साथ दर्शकों से रूबरू होंगे। सोगानी ने बताया कि दिल्ली सहित विभिन्न शहरों से स्टूडेंट्स की टीमें भाग लेंगी और अपने कला, संगीत और नृत्य का प्रदर्शन करेंगी।

सोगानी ने बताया कि यह महोत्सव छात्रों की प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा जताई और इस उत्सव को सफल बनाने का आह्वान किया।

सोगानी ने बताया कि आयोजन के सफल क्रियान्वयन को लेकर स्टूडेंट्स की बड़ी टीम दिन रात जुटी हुई है। गौरतलब है कि यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट कौंसिल के सदस्य इस आयोजन को सफल बनाने में जुट हुए है। यूनिवर्सिटी को उस आयोजन के लिए काफी बेहतर तरीके से सुसज्जित किया गया है।

## जयपुर की सरिता सैनी ने स्टेट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जोधपुर में आयोजित बेंच प्रेस स्टेट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जयपुर की सरिता सैनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 76 किलोग्राम भार वर्ग में मास्टर-1 कैटेगरी में 55 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में 400 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जानकारी के अनुसार, सरिता सैनी एक अंतरराष्ट्रीय चैंपियन रह चुकी हैं और वर्तमान में राजस्थान प्रदेश सैनी महासभा की उपाध्यक्ष भी हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर, अपनी मेहनत, अपने पति हंसराज सैनी (मंडल अध्यक्ष, कांग्रेस) और कोच अजय धमीजा को दिया।

सरिता की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों और समाज के लोगों ने उन्हें बधाइयां दी हैं। उनके इस प्रदर्शन ने न केवल जयपुर का बल्कि पूरे राजस्थान का नाम रोशन किया है।

## महाराजा श्री अजमीढ़ जी जयंती पर निकली विशाल कलश यात्रा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



महाराजा श्री अजमीढ़ जयंती के उपलक्ष्य पर रविवार को स्वर्णकार समाज गोनेर ,आगरा रोड के तत्वावधान में शाही लवाजमें के साथ विशाल कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में एक ही परिधान में महिलाए शामिल हुई। हाथी-घोड़े शाही लवाजमें के साथ चौगान स्टेडियम से कलश यात्रा रवाना हुई। कलश सांगानेरी गेट होते हुए छोटी चौपड, बड़ी चौपड़ होते हुए सांगानेरी गेट स्थित अग्रवाल कॉलेज परिसर में पहुंची । जहां पर व्यापारियों ने कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। जहां पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सभा को सबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महाराजा अजमीढ़ चंद्रवंशी परंपरा के महान शासक होने के साथ ही उच्च कोटि के कलाकार भी थे। उन्होंने आभूषण और कलाकृतियां बनाने की कला को अपनी प्रजा और वंशजों के लिए एक गौरवशाली व्यवसाय में बदलने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि स्वर्णकार समाज महाराजा अजमीढ़ की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए देश की कला, संस्कृति और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि सोने को तराशकर उसमें प्राण फूंकने की जो कला स्वर्णकार समाज के पास है, वह दुनिया के अन्य किसी समाज में देखने को नहीं मिलती। उनके द्वारा बनाए जाने वाले आभूषण भारतीय संस्कृति की पहचान हैं। उन्होने कहा कि जयपुर विशेष रूप से रत्न एवं आभूषणों के एक वैश्विक केंद्र के रूप में विख्यात है। यहां के कारीगरों द्वारा तैयार किए गए रत्न और सुंदर आभूषण अंतरराष्ट्रीय बाजार में जयपुर को विशेष पहचान दिलाते हैं। इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलने के साथ ही, लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है।

**'हमने प्रदेश में निवेशकों के लिए बनाया अनुकूल माहौल'** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हस्तशिल्प के हुनर को सम्मान देने के साथ ही, प्रदेश में उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अनेक स्तर पर प्रयास कर रही है। प्रदेश के आर्थिक विकास को सर्वोपरि रखते हुए पिछले 22 महीनों में हमने आर्थिक सुधार लाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए कई उल्लेखनीय कदम उठाए हैं।

**'व्यापारियों की सुरक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता'** भजन लाल शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में राजस्थान अपराध के मामले में देश के शीर्ष राज्यों में शामिल था।

## इंटर स्कूल क्विज और स्पीच कंपटीशन का आयोजन में ग्यारह स्कूलों ने लिया भाग



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजधानी जयपुर के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान के ऑडिटोरियम में एमईएएम सीजन 2 यंग सिटीजन ऑफ इंडिया की ओर से इंटर स्कूल क्विज और स्पीच कंपटीशन का आयोजन किया गया। कंपटीशन में जयपुर और टोंक की 11 स्कूलों ने भाग लिया सभी स्कूलों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। जजेज को बच्चों के स्पीच और कंपटीशन में जज करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पहला लाइफ टाइम एच एम सुलेमान अचीवमेंट अवार्ड से रेशमा खान को देकर नवाजा। प्रोग्राम की मुख्य अतिथि बशीरन बेगम रही।विशेष अतिथि मे आकाशवाणी की डायरेक्टर रेशमा खान,वक़्फ़ बोर्ड चेयरमैन खानु खान बुधवाली,ए एल पेपर के डायरेक्टर जावेद खान कागज़ी, ज्वैलरी व्यापारी शकील अंसारी,डॉ आरिफ हुसैन,अंजुमन तालीमुल मुस्लिम के सेक्रेटरी शब्बीर खान, ओसवाल सोप ग्रुप के अचल जैन,जामा मस्जिद के सेक्रेटरी ज़हीरुल्लाह खान, जेएनएन एजुकेशन ग्रुप के डायरेक्टर डॉ आजम बैग,अल कबीर के असरार कुरैशी,सी के एस हॉस्पिटल के सीईओ डॉक्टर शरीफ खान ,वरिष्ठ पत्रकार संजय शर्मा,वरिष्ठ पत्रकार इमरान खान,सुप्रीम कोर्ट के वकील हमनशीन अहमद,चिन्मय केडिया,टैक्सेशन के एडवोकेट सज्जाद अजीज,रिटायर्ड आईएएस यू डी खान, बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट याकूब अली खान,हर्ष वर्धन समेत्रिक,अमन फायर वर्क डायरेक्टर फरहान फारूकी,अमीरा प्रिंट के डायरेक्टर नूर इस्लाम,अमन फायर वर्क के फरहान फारूकी,मार्शल एडवरटाइजमेंट डायरेक्टर जुल्फिकार अली रहे सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विभाग को लेकर बच्चों को कैरियर गाइडेंस और करियर काउंसलिंग की।इस प्रोग्राम में सुप्रीम कोर्ट के वकील हमनशीन अहमद ने कहा कि माइनॉरिटी में शिक्षा को लेकर काफी जागरूकता आई है अब शिक्षा के क्षेत्र में 2023-24 में 79.5%तक बढ़ी है ।

## विवाहिता से दुष्कर्म करने का प्रयास: मिलने के बहाने आया था परिचित युवक

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

करणी विहार थाना इलाके में एक विवाहिता से दुष्कर्म करने का प्रयास का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि मिलने के बहाने परिचित युवक घर आया था और घर में अकेला पाकर आरोपित परिचित ने जबरदस्ती का प्रयास किया। इस संबंध में पीडिता ने थाने में आरोपित परिचित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि करणी विहार इलाके की रहने वाली 34 वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज करवाया है कि वह परिवार के साथ रहती है। परिचित होने के कारण आरोपित का घर पर आना-जाना था। इसके चलते ही आपस में बातचीत होती रहती थी। आरोप है कि मिलने के बहाने आरोपित परिचित रात के समय घर आया था। घर में अकेला पाकर आरोपित ने अंदर घुसकर उसके साथ अश्लील हरकतें की। विरोध करने पर जबरदस्ती दुष्कर्म करने का प्रयास किया। शोर-मचाने पर पकड़े जाने के डर से आरोपित परिचित भाग निकला। डरी-सहमी पीड़िता ने हिम्मत कर परिजनों को आपबीती सुनाई।

## एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन अभियान चलाकर पुलिस ने बदमाशों के 45 ठिकानों पर मारी दबिश



■ **पुलिस की चार टीमों की छापेमारी कर 38 अपराधियों को धरा**

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जयपुर जिले की उत्तर जिला पुलिस की ओर से गलता गेट थाना इलाके में बदमाशों के 45 ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस की 4 टीमों ने छापेमारी कर 38 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें 16 हिस्ट्रीशीटर,दो हार्डकोर और 14 सक्रिय चालान शुदा अपराधी शामिल है। पुलिस की कार्रवाई एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन के तहत की गई। जिसमें 16 हिस्ट्रीशीटर,दो हार्डकोर और 14 सक्रिय चालान शुदा अपराधी शामिल है। पुलिस की कार्रवाई एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन के तहत की गई। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि जिले भर में एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन अभियान चलाया गया।

जिसमें सभी सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) और थानाधिकारी अपने-अपने पुलिस जाब्ते के साथ मौजूद रहे। पुलिस की बनाई गई 4 टीमों ने बदमाशों के 45 ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस की ओर से 38 अपराधियों को गिरफ्तार किया। जिसमें जिसमें 16 हिस्ट्रीशीटर,दो हार्डकोर और 14 सक्रिय चालान शुदा भी शामिल हैं।

आशीर्वाद के साथ कार्यक्रम का समापन, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया

# पोकरण में गजेन्द्र सिंह शेखावत का जन्मोत्सव बना जनउत्सव, फूलों की वर्षा और लोकगीतों से गूंजा नगर

- केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का जन्मोत्सव पोकरण में धूमधाम से मनाया गया
- नगर में उत्सव का माहौल, जगह-जगह स्वागत द्वार और पुष्प सज्जा
- पारंपरिक संगीत से सजा कार्यक्रम, अनवर खान की प्रस्तुति ने बांधा समा
- कार्यकर्ताओं ने फूलों की वर्षा और आतिशबाज़ी से किया स्वागत
- सेन समाज धर्मशाला में सभा कक्ष का लोकार्पण, सांसद कोष से मिला बजट

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का जन्मोत्सव पोकरण में धूमधाम और जनसैलाब के बीच मनाया गया। पूरे नगर में उत्सव का माहौल रहा और कार्यकर्ताओं ने स्वागत द्वार, पुष्प सज्जा और बैनर-पोस्टर लगाकर मंत्री का भव्य स्वागत किया। पोकरण पहुंचने पर गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और आतिशबाज़ी के बीच सैकड़ों कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने जेसीबी की कतार और फूलों की वर्षा के बीच केंद्रीय मंत्री का अभिवादन किया। मार्ग को गुलाब की पंखुड़ियों से सजाया गया, जिस पर से होकर मंत्री मंच तक पहुंचे।

ख्यातनाम लंगा कलाकार पद्मश्री अनवर खान और उनकी टीम ने पारंपरिक मारवाड़ी लोक गीतों और स्वागत गीतों के साथ माहौल को संगीतमय बना दिया। गीतों और तालियों के बीच गज्जू बन्ना जिंदाबाद के नारे गूँजते रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने पोकरण पंचायत समिति परिसर स्थित सेन समाज धर्मशाला में नव निर्मित सार्वजनिक सभा कक्ष का लोकार्पण किया। इसके लिए सांसद कोष से साढ़े सात लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया था।

उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका कर्तव्य है और यह कार्य केवल जनआशीर्वाद से ही संभव है। मंच से भावुक होकर शेखावत ने कहा कि जीवन का प्रत्येक क्षण मृत्यु के एक कदम और करीब ले जाता है। जन्मदिन इस बात का अवसर है कि हम सोचें – अब तक हमने क्या पाया और जीवन को कितना सार्थक बनाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रेम को अपनी सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी की शक्ति केवल नेतृत्व में नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं में निहित है। मेरी यात्रा, मेरी पहचान, मेरा निर्माण – यह सब आप कार्यकर्ताओं के कारण ही संभव हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि उनकी राजनीतिक यात्रा पोकरण की धरती से शुरू हुई और तब से अब तक कार्यकर्ताओं का स्नेह और समर्थन उनकी असली पूंजी है।

मैं हमेशा कहता हूं – भाजपा परिवार है, और इस परिवार की आत्मा आप सब कार्यकर्ता हैं। कार्यक्रम का समापन केंद्रीय मंत्री ने महंत प्रतापपुरी जी और जांबा पीठाधीश्वर भगवान दास जी महाराज से आशीर्वाद लेकर किया। शेखावत ने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और नागरिकों का हृदयपूर्वक आभार व्यक्त किया और कहा कि उनका प्रेम और आशीर्वाद ही मेरी प्रेरणा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### वासुदेव देवनानी ने लंदन में ऐतिहासिक अंबेडकर हाउस का अवलोकन किया



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अपनी लंदन यात्रा के दौरान शनिवार को डॉ. भीम राव अंबेडकर हाउस संग्रहालय का अवलोकन किया। उन्होंने भवन के भूतल पर डॉ अंबेडकर की कांस्य प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने लगभग एक घंटे तक म्यूजियम में रह कर वहां डॉ. अंबेडकर के दुर्लभ साहित्य का अध्ययन किया। देवनानी ने बताया कि बाबा साहेब ने लंदन स्कूल आफ इकोनॉमिक्स में प्रवेश लेकर यहाँ अध्ययन किया और इसी मकान में रह कर सामाजिक न्याय, आर्थिक नीति सहित भारतीय समाज की व्यवस्थाओं के विभिन्न विषयों पर शोध कार्य किए। देवनानी ने म्यूजियम में रखी विजिटर बुक में लिखा कि लंदन स्थित यह स्मारक बाबा साहेब के आदर्शों का पवित्र स्थल है और समस्त भारतीयों के लिए एक अति महत्वपूर्ण स्थान है।

### अमेरिका की प्रतिष्ठित डिजिटल यूनिवर्सिटी ने दी एसएस शाह को पीएचडी की मानद उपाधि




■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त आयुक्त एस. एस. शाह को अमेरिका की प्रतिष्ठित डिजिटल यूनिवर्सिटी की तरफ से पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की गई है । शाह को यह उपाधि दीक्षांत समारोह में ट्रेडिशनल हेल्थकेयर एंड आलटरनेटिव मेडिसिन विषय पर दी गई है ।

### करीब 15 साल पुराने टाइपिंग टेस्ट विवाद में राजस्थान हाईकोर्ट ने दी राहत

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ के जस्टिस आनंद शर्मा की अध्यक्षता में, 2010 के टाइपिंग टेस्ट विवाद में कृष्ण कुमार की तरफ से दायर याचिका पर फैसला सुनाया गया। इस फैसले में आंशिक रूप से संशोधन करते हुए याची को बड़ी राहत दी गई। याची कृष्ण कुमार की ओर से अधिवक्ता प्रवीण बलवदा एवं आदित्य राज ढाका ने पैरवी की। मामला भाषा एवं पुस्तकालय विभाग से जुड़े सेवा संबंधी टाइपिंग टेस्ट परिणाम को लेकर था, जिसमें परिणाम संशोधित कर याची को फेल घोषित कर दिया गया था। अधिवक्ता प्रवीण बलवदा ने अदालत में बताया कि याची की कोई आपराधिक या सेवा का नकारात्मक इतिहास नहीं है और वह परिवार का एकमात्र सहारा है। विभाग ने पहले टाइपिंग टेस्ट में उत्तीर्ण घोषित किया था, लेकिन वर्ष 2013 में परिणाम को निरस्त कर दिया गया। इस कार्यवाही को अदालत में चुनौती दी गई, जिसमें प्रवीण बलवदा ने तर्क रखते हुए अन्याय की ओर ध्यान दिलाया। हाईकोर्ट ने माना कि कृष्ण कुमार के साथ विभाग द्वारा पक्षपात हुआ और याची को पुनः टाइपिंग टेस्ट का अवसर दिया जाना चाहिए।

### संघ केवल एक संगठन नहीं, राष्ट्रनिर्माण की पाठशाला : शेखावत

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण की वह पाठशाला है, जिसने व्यक्ति से लेकर समाज और समाज से लेकर राष्ट्र तक के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है। संघ की स्थापना जिस पवित्र संकल्प के साथ हुई थी, वह आज शताब्दी वर्ष में और भी प्रासंगिक हो उठा है। यह आत्मावलोकन का समय है कि हम उस लक्ष्य के कितने करीब पहुंचे हैं और अब हमें किस गति से आगे बढ़ना है। रविवार को अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि परम पूजनीय डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी ने जब वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की, तब कुछ गिने-चुने लोगों ने यह प्रण लिया था कि गुलामी की जंजीरों में जकड़े भारत को फिर से एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाया जाएगा। संकल्प की शक्ति, लक्ष्य की पवित्रता और सन्मार्ग की सुनिश्चितता, इन तीनों ने मिलकर संघ को आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन बना दिया है।

स्केनिया तथा एसी बसों में यात्रियों को सीट पर उपलब्ध होगा खाना

# राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसों का शुभारम्भ कार्यक्रम-मुख्यमंत्री शर्मा ने 128 ब्लू लाइन बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





- ग्रामीण परिवहन सेवा 'आपणी बस-राजस्थान रोडवेज' का किया शुभारम्भ
- रोडवेज बसों द्वारा राजधानी से गांवों तक का सफर होगा और सुगम - वोल्वो

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को अमर जवान ज्योति पर राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की आधुनिक एवं सुविधायुक्त 128 ब्लू लाइन बसों का शुभारम्भ करते हुए उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही, उन्होंने 'आपणी बस-राजस्थान रोडवेज' ग्रामीण परिवहन सेवा का शुभारम्भ और वोल्वो, स्केनिया तथा एसी बसों में केटरिंग सुविधा की भी शुरूआत की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशवासियों के लिए सार्वजनिक परिवहन सेवा को अधिक सुदृढ़, सुरक्षित और सुविधायुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की आधुनिक एवं सुविधायुक्त ब्लू लाइन बसें शुरू की गई है। ये बसें प्रदेश भर के 23 आगारों को आवंटित की गई हैं।

**आपणी बस-राजस्थान रोडवेज से 169 ग्राम पंचायतों को मिलेगी परिवहन सुविधा**

'आपणी बस-राजस्थान रोडवेज' ग्रामीण परिवहन सेवा के तहत रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर 357 मार्गों पर बसें शुरू की हैं। डीलक्स सीटों से सुसज्जित इन बसों में राज्य सरकार द्वारा राजस्थान रोडवेज के निशुल्क और रियायती यात्रा हेतु दिए जा रहे सभी लाभ मिलेंगे। इन बसों से 25 ग्रामीण मार्गों पर स्थित 169 ग्राम पंचायतों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं हासिल करने में मदद मिलेगी।

**वातानुकूलित बसों में मिलेगा सीट पर ही खाना**

राज्य सरकार ने नवाचार करते हुए रेल और हवाई यात्रा की तरह निगम की वोल्वो, स्केनिया तथा एसी बसों में केटरिंग सुविधा भी शुरू की है। इससे इन बसों में यात्रियों को यात्रा के दौरान उनकी सीट पर ही खाने-पीने की सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। यात्रियों को सुबह, दोपहर और शाम के मेनू के अनुसार खान-पान मिल सकेगा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने नई बसों का अवलोकन किया और निगम द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री (परिवहन) डॉ. प्रेमचंद बैरवा, जयपुर सांसद मती मंजू शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम अध्यक्ष मती शुभ्रा सिंह सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## राजस्थान का स्वास्थ्य विभाग वेंटिलेटर पर है: जूली

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीकाराम जूली ने कहा राज्य का स्वास्थ्य विभाग वेंटिलेटर पर है। आज जिन दवाओं की जरूरत है वो खरीदी नहीं जा रही और जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं उन्हें मुफ्त बांटा जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा 2021 में दिल्ली में जिस कंपनी को दुष्प्रभाव वाली दवाएं बनाने के कारण बैन किया गया था फिर भी राजस्थान में वही सिरप बच्चों को बांटा जा रहा है। यह बहुत बड़ी नेग्लीजेंसी है। सरकार को यह तक नहीं पता कि कौन सी दवा बांटी जा रही है। मुख्यमंत्री को इस पर कोई जानकारी नहीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री राज्य के अस्पतालों की स्थिति देखने के बजाय दिल्ली दौरों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। बाड़मेर में दवा नहीं मिलने से बच्ची की मौत हो गई कई जगह डॉक्टर नहीं हैं सुविधाएं नहीं हैं।

ये कैसी सरकार है जो जनता की जान से खेल रही है नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली रविवार को झुंझुनू में एआईसीसी संगठन सृजन अभियान में शामिल होने आए थे। इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में मीडिया से बात कर रहे थे। जूली ने कहा कि कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देशन में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कांग्रेस नेता जिलों में जाकर आम कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनता से राय ले रहे हैं ताकि संगठन में नीचे के स्तर तक भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। आने वाले समय में जिला अध्यक्षों को अधिक अधिकार दिए जाएंगे जिससे फैसले स्थानीय स्तर पर सहमति से हो सकें। एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष की गिरफ्तारी पर जूली ने भाजपा सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। हमारे बच्चे शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन आरएसएस के लोगों ने उन पर लाठियां बरसाई। शिक्षा के मंदिरों को राजनीतिक अखाड़ा बनाया जा रहा है। यह वही आरएसएस है जिसे सरदार पटेल ने बैन किया था। उन्होंने कहा कि सरकार का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के छात्रों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस दोषियों पर कार्रवाई नहीं करती, उल्टा निर्दोष छात्रों को जेल भेज रही है। यह भाजपा की असली मानसिकता है। जूली ने कहा कि आरएसएस को यदि राजनीति करनी है तो वह अपनी पार्टी बनाकर चुनाव लड़े छिपकर बीजेपी के लिए काम न करे। आरएसएस खुद तय करे कि वह देश के लिए काम कर रही है या बीजेपी के लिए। उन्होने कहा कि राज्य की सरकार उड़नखटोला सरकार बन चुकी है। जो जनता की समस्याओं से पूरी तरह बेखबर है। जूली ने मुख्यमंत्री पर व्यंग्य करते हुए।

## दिया कुमारी आज चित्तौड़गढ़ दौरे पर

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राजस्थान की माननीय उपमुख्यमंत्री एवं वित्त, पर्यटन, सार्वजनिक निर्माण, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व, महिला एवं बाल विकास तथा बाल अधिकारिता विभाग की मंत्री दिया कुमारी सोमवार, 06 अक्टूबर को चित्तौड़गढ़ जिले के दौरे पर रहेंगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर भू.अ.रामचंद्र खटीक ने बताया कि उपमुख्यमंत्री दोपहर 02ः00 बजे प्रतापगढ़ से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर सायं 03ः30 बजे चित्तौड़गढ़ पहुंचेंगी। इसके पश्चात सायं 04ः00 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग, पर्यटन विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगी। समीक्षा बैठक के बाद सायं 07ः00 बजे इंदिरा प्रियदर्शिनी ऑडिटोरियम में आयोजित मीरा महोत्सव-2025 में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगी। तत्पश्चात वह रात्री 08ः00 बजे उदयपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।

## मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से जिले के हर कोने में उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी : भूपेंद्र यादव

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव तथा वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने रविवार को अलवर जिला स्थित मंगल विहार में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी अलवर एवं आरईसी फाउन्डेशन गुरुग्राम द्वारा संचालित सर्वसुविधायुक्त पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के शुभारंभ कार्यक्रम में शिरकत कर मोबाइल मेडिकल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं आरइसी फाउंडेशन को बधाई देते हुए कहा कि सर्वसुविधायुक्त पांच मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से आमजन को जिले भर में स्थानीय स्तर पर ही उच्च चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि हमने गांव-गांव तक आधुनिक शिक्षा को पहुंचाने के लिए दो ज्ञान वाहन संचालित किए हैं एवं 6 और ज्ञान वाहन प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अलवर में स्वच्छता, पर्यटन, शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से जिले के विकास को बढ़ावा मिलेगा।

वन राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं आरइसी फाउंडेशन को बधाई देते हुए कहा कि इस नवाचार के माध्यम से जिले में उच्च स्तर की चिकित्सा सुविधाओं का ग्रामीण स्तर तक विस्तार संभव होगा। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी सामाजिक क्षेत्र में अनवरत रूप से अच्छा कार्य कर र ही है।

## 'सहकार सदस्यता अभियान' शनिवार को 641 पैक्स में हुआ शिविरों का आयोजन

- अभियान के अंतर्गत तीव्र गति से सम्पन्न हो रहे सहकारिता विभाग से संबंधित कार्य

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



राज्य सरकार द्वारा 2 से 15 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे 'सहकार सदस्यता अभियान' के तीसरे दिन शनिवार को प्रदेश भर में 641 पैक्स के स्तर पर शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में आमजन और सहकारबंधुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी हो रही है और सहकारिता विभाग से संबंधित कार्य अभियान के माध्यम से तीव्र गति से सम्पन्न हो रहे हैं। अभियान के अंतर्गत प्रारम्भिक तीन दिवसों में 1,682 पैक्स में शिविरों का आयोजन किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, पैक्सविहीन ग्राम पंचायतों में 'ग्रामीण सेवा शिविरों' के अंतर्गत अभियान से संबंधित गतिविधियां संपादित की जा रही हैं। प्रस्तावित नवीन सहकारी कानून के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी जनसाधारण को उपलब्ध करवाना 'सहकार सदस्यता अभियान' के अंतर्गत एक प्रमुख गतिविधि है। शिविरों में आमजन को पम्फलेट वितरण तथा विचार-विमर्श सत्रों के माध्यम से नवीन कानून के प्रावधानों से अवगत करवाया जा रहा है। शनिवार को आयोजित शिविरों में 20 हजार से अधिक लोगों को प्रस्तावित नवीन सहकारी कानून की जानकारी प्रदान की गई।

# भूपेंद्र यादव ने आज अलवर में राजस्थान के पहले 'नमो बायोडायवर्सिटी पार्क' का उद्घाटन किया



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

राजस्थान के पहले 'नमो बायोडायवर्सिटी पार्क' का उद्घाटन आज प्रताप बांध, अलवर में एक प्रतीकात्मक वृक्षारोपण समारोह के साथ हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने की और इस अवसर पर राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री संजय शर्मा भी उपस्थित थे। श्री यादव ने 'एक्स' पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि नव विकसित पार्क 'नमो वन' इस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण हरित क्षेत्र माना जा रहा है। इसका उद्देश्य स्थानीय हरियाली को बढ़ाना और स्वच्छ वायु में योगदान देना है, साथ ही आगंतुकों के बीच पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देना भी है। अपने पारिस्थितिक लाभों के अलावा, इस पार्क को नागरिकों को पर्यावरण-अनुकूल और सतत जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह संरक्षण प्रयासों में व्यापक जन भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

यह पहल राजस्थान के हरित बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने और जैव विविधता संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति भारत की व्यापक प्रतिबद्धता को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी पॉलिसी के 1 लाख 25 हजार मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य करेंगे हासिल

# संसदीय कार्य मंत्री ने बोरानाडा में डिस्कॉम के सहायक अभियंता कार्यालय का किया लोकार्पण -ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा राजस्थान : पटेल

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर



संसदीय कार्य विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने रविवार को बोरानाडा में जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के 45 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित कार्यालय सहायक अभियंता सालावास के भवन का विधिवत लोकार्पण किया।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है।संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में पश्चिमी राजस्थान 'सोलर हब' बन गया है। उन्होंने कहा हमारी सरकार के महज डेढ साल के कार्यकाल में विद्युत उत्पादन क्षमता में लगभग 5 हजार मेगावाट की वृद्धि हुई है।

**हमारा अन्नदाता बन रहा ऊर्जादाता –**

श्री पटेल ने कहा कि पीएम कुसुम योजना से हमारा अन्नदाता अब ऊर्जादाता बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली दी जा रही है।

उन्होंने कहा राजस्थान इंटीग्रेटेड क्लीन एनर्जी पॉलिसी 2024 के अंतर्गत वर्ष 2029-30 तक 1 लाख 25 हजार मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य हासिल करेंगे।

**माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र का हुआ शिलान्यास –**

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 25 सितम्बर को बांसवाड़ा में 42 हजार करोड़ रुपये के माही बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र ( क्षमता 2800 मेगावाट) और 13 हजार 183 करोड़ रुपये की नवीकरणीय ऊर्जा जोन के लिए ट्रांसमिशन लाइनों के कार्य का शिलान्यास किया है। साथ ही 14 हजार 445 करोड रुपये की 7 ऊर्जा परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया है।

**आरडीएसएस का कार्य पूर्ण होने पर बिजली की समस्या का होगा स्थाई समाधान –**

श्री पटेल ने कहा कि लूणी में निर्बाध एवं समुचित विद्युत आपूर्ति के लिए पाल व फींच में 132 केवी और भांडू कला में 33 केवी जीएसएस की स्थापना की जा रही है।

उन्होंने कहा निर्माणाधीन जीएसएस एवं आरडीएसएस का कार्य पूर्ण होने पर बिजली की समस्या का स्थाई समाधान होगा। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड़, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
( पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार )

CMYk